राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–124/2024

राजभवन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन हुआ

पटना, 21 जून, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजभवन परिसर के लॉन में आयोजित योग शिविर में योगाभ्यास किया। उन्हें ऑर्ट ऑफ लिविंग के योग प्रशिक्षक श्री नितिन शर्मा एवं श्रीमती प्रियंका कुमारी ने भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान आदि का अभ्यास कराया। योग शिविर में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू सहित राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी योगाभ्यास किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने अन्तर विश्वविद्यालय योग प्रतियोगिता–2024 के विजेताओं को पुरस्कृत किया। 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 20 जून, 2024 को राजभवन में आयोजित इस प्रतियोगिता में पटना विश्वविद्यालय के श्री प्रभात कुमार ने प्रथम, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की सुश्री नीलम कुमारी ने द्वितीय एवं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की ही सुश्री अर्पणा डे व सुश्री शिवानी गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया था। इस प्रतियोगिता में 16 विश्वविद्यालयों के 78 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया था।

....